# अध्याय – 5 | जैव प्रक्रम

QUIZ PART-01

1. **जैव प्रक्रमों में निम्नलिखित में से कौन-सा सम्मिलित नहीं है?**
   A. पोषण B. प्रजनन
   C. श्वसन D. उत्सर्जन (B)

*व्याख्या :* जैव प्रक्रमों में पोषण, श्वसन, वहन और उत्सर्जन शामिल हैं। प्रजनन का इसमें उल्लेख नहीं किया गया है।

2. **बहुकोशिकीय जीवों में केवल विसरण से ऑक्सीजन की पूर्ति क्यों संभव नहीं होती?**
   A. ऑक्सीजन की आवश्यकता कम होती है
   B. विसरण धीमी प्रक्रिया है
   C. शरीर की संरचना सरल होती है
   D. कोशिकाओं को ऑक्सीजन की आवश्यकता नहीं होती(C)

*व्याख्या :* विसरण प्रक्रिया धीमी होती है और जटिल संरचना वाले बहुकोशिकीय जीवों के प्रत्येक अंग तक ऑक्सीजन नहीं पहुंचा सकती।

3. **जैव प्रक्रमों में वहन का मुख्य कार्य क्या है?**
   A. ऊर्जा उत्पन्न करना B. अपशिष्ट निकालना
   C. ऑक्सीजन और ग्लूकोज को शरीर के भागों तक पहुंचाना
   D. भोजन को पचाना (C)

*व्याख्या :* वहन का कार्य शरीर में ऑक्सीजन और पोषक तत्वों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाना होता है।

4. **श्वसन की प्रक्रिया मुख्यतः किस अंग में संपन्न होती है?**
   A. लिवर B. माइटोकॉन्ड्रिया
   C. नाभिक D. क्लोरोप्लास्ट (B)

*व्याख्या :* श्वसन की प्रक्रिया माइटोकॉन्ड्रिया में होती है, जो ऊर्जा उत्पादन का केंद्र है।

5. **उत्सर्जन का कार्य क्या है?**
   A. ऊर्जा निर्माण
   B. अपशिष्ट को शरीर से बाहर निकालना
   C. ऑक्सीजन का परिवहन
   D. भोजन को संग्रहित करना (B)

*व्याख्या :* उत्सर्जन एक जैविक प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य शरीर से विषैले या अनुपयोगी पदार्थों को निकालना होता है।

6. **सजीव और निर्जीव वस्तु में अंतर जानने के लिए किस मापदंड का उपयोग किया जा सकता है?**
   A. रंग B. आकार
   C. गति D. तापमान (C)

*व्याख्या :* सजीव वस्तुएं आंतरिक गति बनाए रखती हैं, भले ही वे बाहर से निष्क्रिय दिखें।

7. **जीवन के अनुरक्षण के लिए कौन-से कार्य आवश्यक नहीं माने जाते?**
   A. पोषण B. श्वसन
   C. शिकार D. उत्सर्जन (C)

*व्याख्या :* शिकार करना हर जीव का आवश्यक कार्य नहीं है, जबकि पोषण, श्वसन और उत्सर्जन जीवन के लिए आवश्यक जैव प्रक्रम हैं।

8. **किसी जीव के लिए कच्ची सामग्री क्या होती है?**
   A. ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड
   B. पानी और खनिज
   C. कार्बनिक यौगिक और गैसें
   D. सभी विकल्प (D)

*व्याख्या :* जीवों को वृद्धि और जीवन क्रियाओं के लिए विभिन्न प्रकार की कच्ची सामग्रियों की आवश्यकता होती है।

9. **श्वसन के दौरान कोशिकाओं में किसका ऑक्सीकरण होता है?**
   A. प्रोटीन B. ग्लूकोज
   C. फैट D. विटामिन (B)

*व्याख्या :* श्वसन की प्रक्रिया में ग्लूकोज का ऑक्सीकरण होता है जिससे ऊर्जा मिलती है।

10. **हरे पौधों में किस प्रक्रिया द्वारा सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में स्टार्च बनता है?**
   A. श्वसन B. प्रकाश संश्लेषण
   C. किण्वन D. . विसरण (B)

*व्याख्या :* हरे पौधे सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में कच्चे पदार्थों से प्रकाश संश्लेषण के द्वारा स्टार्च का निर्माण करते हैं।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहां चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App